आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

11.08.2024 समय : 1850

● तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद आज रात पेरिस ओलिम्पिक खेल सम्पन्न हो रहे हैं।

● बिजली की आपूर्ति एवं इससे जुड़े मुद्दों का समाधान करने के लिए बिजली विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

● नगरपालिका परिषद् ने शहर के लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया है।

● शिक्षा विभाग में प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के पद के लिए उम्मीदवारों की मूल दस्तावे़ज़ों की जांच का कार्य चौदह अगस्त से शुरू होगा।

● नगरपालिका परिषद् ने दुकान का बकाया न चुकाने के आरोप में नौ दुकानों को सील कर दिया है।

<><><><><><><>

लगभग तीन सप्ताह तक चली, रोमाचंक खेल स्पर्धाओं के बाद आज रात पेरिस ओलिम्पिक खेल सम्पन्न हो रहे हैं। समापन समारोह भारतीय समयानुसार रात साढ़े बारह बजे शुरू होगा। इस दौरान अस्सी हजार दर्शकों के स्टेडियम में मौजूद रहने की संभावना है। समापन समारोह में ओलिम्पिक का ध्वज, दो हजार अट्ठाईस में लॉस एंजिलिस में होने वाले अगले ओलिम्पिक खेलों की आयोजन समिति को सौंपा जाएगा। इस ओलिम्पिक में भारत ने एक रजत और पांच कांस्य पदक जीतकर इकहत्तरवां स्थान हासिल किया। मनु भाकर ने कांस्य पदक जीतकर इस ओलिम्पिक में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रचा। वे ओलिम्पिक निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली महिला हैं। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ दस मीटर की मिक्सड टीम एयर पिस्टल स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीतकर एक ही ओलिम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली महिला होने का नया रिकॉर्ड अपने नाम किया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीता। हॉकी में भारतीय पुरुष टीम ने कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरज चोपड़ा ने पुरुषो के भाला फेंक में रजत पदक जीता। भारत के उभरते हुए पहलवान अमन सहरावत सत्तावन किलोग्राम फ्री स्टाइल श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने।

<><><><><><><>

अंर्तराष्ट्रीय ओलंपिक संघ ने कल पेरिस में निशानेबाज अभिनव बिन्द्रा को ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया। यह पुरस्कार ओलंपिक में असाधारण प्रदर्शन के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। अभिनव ने वर्ष दो हजार आठ में बिज़िंग ओलंपिक में भारत का पहला व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति तथा ऊर्जा से जुड़े विभिन्न मुद्दों का समाधान करने के लिए इन दिनों बिजली विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कल विम्बर्लीगंज में इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों ने बिजली आपूर्ति, कटौती और बिजली से जुड़े कई विषयों पर अपनी समस्याएं रखीं और अधिकारियों से उनके मुद्दे पर की जाने वाली कार्रवाई के बारे में जानना चाहा। विद्युत विभाग के निदेशक प्रशांत कुमार ने जन सुनवाई के दौरान लोगों की समस्याओं को सुना और बताया कि उनका विभाग द्वीपों में बिजली की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रहा है। मन्नारघाट और विम्बर्लीगंज जैसे क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए पांच मेगावाट डी जी

सेट की स्थापना के लिए निविदाएं मांगी गई है और ये प्रक्रिया अंतिम स्टेज पर है। इसके अलावा ओग्राब्राज जैसे क्षेत्र के लिए भी पांच मेगावाट डी जी  सेट स्थापित करने पर कार्रवाई की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में श्री प्रशांत कुमार ने बताया कि मन्नारघाट और शोल–बे लाईनों को दुरूस्त करने के लिए जन सुनवाई में चर्चा की गई। हर साईट कार्यालयों से रिपोर्ट लेने को कहा गया है ताकि लोगों को कोई समस्या न हो। बिजली से संबंधित शिकायतों के लिए निःशुल्क नम्बर एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच एक एक एक एक जारी किया गया है।

इसके अलावा एक वाट्सऐप नम्बर भी उपलब्ध कराया गया है जिसमें लोग बिजली से संबधित शिकायतें और समस्याओं के बारे में जानकारी दे सकते है। उन्होंने कहा कि मंगंलूटान और वन्डूर, प्रातरापुर तथा बर्डलाईन जैसे क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है ।

<><><><><><>

हर घर तिरंगा अभियान के तहत द्वीपसमूह में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगरपालिका परिषद् की ओर से शहर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। प्रमुख स्थानों पर दीवारों पर पेन्टिंग की जा रही है। परिषद् ने शहर के लोगों से इस अभियान से जुड़ने और अपने घरों, स्कूलों तथा कार्य स्थल पर तिरंगा फहराने का अनुरोध किया है।

उधर, दक्षिण अंडमान पुलिस की ओर से तिरंगा बाईक रैली निकाली गई। ये रैली भातुबस्ती से शुरू होकर फ्लैग प्वाइंट पर जाकर समाप्त हुई।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग में प्राथमिक स्कूल शिक्षकों के पद के लिए उम्मीदवारों की अस्थाई सूची जारी की गई है। ये सूची पूर्णतः अस्थाई है। इस सम्बंध में संबंधित सभी उम्मीदवारों की मूल दस्तावेज़ो की जांच का कार्य चौदह अगस्त से सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच टैगोर कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। चौदह अगस्त को हिन्दी माध्यम के उम्मीदवारों के लिए अनुक्रमांक संख्या एक से एक सौ चालीस तक के उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज़ों की जांच का कार्य किया जाएगा। सोलह अगस्त को अंग्रेजी माध्यम के पी एस टी के लिए अनुक्रमांक संख्या एक से एक सौ साठ तथा सत्रह अगस्त को एक सौ इकसठ से एक सौ छियासी तथा बांगला माध्यम के लिए अनुक्रमांक संख्या एक से चौहत्तर तक के उम्मीदवारों की दस्तावेज़ों की जांच की जाएगी।

<><><><><><>

नगरपालिका परिषद् के दुकानों का शुल्क न चुकाने वाले किराएदारों के खिलाफ परिषद् की ओर से कार्रवाई की जा रही है और स्कूल लाईन तथा डेयरीफार्म में नौ दुकानों को बकाया शुल्क न चुकाए जाने के कारण सील कर दिया गया है। नगरपालिका परिषद् अपने नीतियों के तहत बकाया राशि का भुगतान न करने वालों के खिलाफ भी ऐसी ही कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने बैंगलुरू की नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। पुलिस महानिरीक्षक सिंघु पिल्लई और बैंगलुरू के प्रोफेसर मृणाल सतीश ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इस कार्रवाई में सहयोग देने के लिए उप–राज्यपाल, मुख्य सचिव सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति अपना आभार प्रकट करते हुए कहा कि इससे जांच अधिकारियों की क्षमताओं में और वृद्धि होगी।

<><><><><><>

नील केन्द्र की प्रधान पिंकी दास और मार्केट समिति के सचिव श्यामापदा दास ने नील केन्द्र के पुराने कारोबारी एस पी कडप्पन के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज सुबह निधन हो गया। वे छिहत्तर वर्ष के थे।

<><><><><><><>

एम.वी स्वराजद्वीप के अगस्त माह के शेष कार्यक्रम उद्घोषित किए गए है। ये जलयान सत्रह अगस्त को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा और बाईस अगस्त को इसकी वापसी होगी। तीस अगस्त को जलयान अपनी अगली यात्रा में शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए छूटेगा। अग्रिम टिकटों की बुकिंग का कार्य कल से आरंभ होगा। यात्री जहाज़रानी विभाग के ई–टिकटिंग पोर्टल या स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी टिकट खरीद सकते है।

<><><><><><><>

चिडियाटापू के एक रिसॉर्ट में कल से तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वेलनेस पर आत्मोदय नामक इस कार्यक्रम को अखिल भारतीय प्रबंधन संघ की ओर से आयोजित किया जा रहा है। कार्यशाला में कामगारों और कर्मचारियों के दैनिक कार्यों में उत्पन्न होने वाले तनाव और इससे मुक्ति पाने तथा उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने और नेतृत्व की भावना विकसित करने पर ज़ोर दिया जाएगा। तीन दिनो के दौरान कुल नौ सत्र आयोजित होंगे और इसमें कई विषयों पर जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी विशेषताओं को पहचानने और उनकी क्षमताओं को जानने का अवसर भी मिलेगा।

<><><><><><><>